## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर ने वेब सीरीज 'Raakh' के स्टाइल में जमा कर रखे थे चाकू और तलवार, दिल्ली मेड मर्डर केस में चौंकाने वाले खुलासे



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के माउंट कैलाश में डॉक्टर द्वारा अपनी 15 साल से काम कर रही घरेलू नौकरानी का गला रेतकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी डॉक्टर मनीष गुप्ता ने वेब सीरीज 'राख' की तर्ज पर सालों से घर में चाकू, तलवार और खुकरी का बड़ा संग्रह जमा कर रखा था। पुलिस जांच में पता चला कि हत्या में इस्तेमाल की गई खुकरी भी इन्हीं स्मृति चिन्हों में से एक थी, जिसे डॉक्टर ने देश के विभिन्न राज्यों से इकट्ठा किया था। पुलिस के अनुसार, 19 जून को डॉ. मनीष गुप्ता (50) ने अपनी घरेलू सहायिका मीना (45) पर हमला किया। उन्होंने पहले अपने बेटे का क्रिकेट बैट लेकर मीना पर बार-बार हमला किया, फिर खुकरी से उनका गला रेत दिया। मीना का शव छत पर पड़ा मिला। पुलिस ने डॉ. गुप्ता के घर से वह खुकरी बरामद कर ली है, जिससे हत्या की गई। यह खुकरी उनके संग्रह की थी, जिसमें उन्होंने वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों से ऐसी कई खुकरियां जमा की थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मीना की गर्दन पर मिला घाव चिकित्सकीय चीरे जैसा था। मीना रोज की तरह काम पर आई थीं और कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थीं। इसी दौरान डॉ. गुप्ता ने उन पर हमला कर दिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो डॉ. गुप्ता घर के अंदर थे। उन्होंने पुलिस से कहा, 'मुझे फांसी दे दो।' जांच में पता चला है कि डॉ. मनीष गुप्ता पिछले करीब 10 साल से डिप्रेशन और ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (OCD) का इलाज करा रहे थे। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या उन्होंने अपनी दवाइयां बंद कर दी थीं।


### बारिश से पहले ही 'डूबने' को तैयार दिल्ली, नालों से निकली गाद उठाना भूला PWD

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मानसून की दस्तक से पूर्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बरसाती नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति का आलम तो जारी है ही, नालों से निकाली गई गाद उठाने के मामले में भी विभाग के अधिकारी पिछले सालों की गलतियों से कोई सबक नहीं ले रहे हैं। मानसून को देखते हुए विभाग द्वारा यह स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि नालों से निकाली गई गाद को 24 घंटे के अंदर मौके से हटा लिया जाएगा, लेकिन जमीनी हकीकत इन कागजी दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। राजधानी के कई इलाकों में नालों से निकाली गई गाद पांच से लेकर आठ दिनों तक सड़कों और नालियों के किनारे यूं ही पड़ी है। इस लापरवाही ने आम जनता की चिंताएं बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग द्वारा जताई जा रही तेज वर्षा की संभावनाओं के बीच यह आशंका प्रबल हो रही है कि यदि समय रहते इस गाद को नहीं उठाया गया, तो वर्षा का पानी इसे वापस नालों में बहा ले जाएगा। नालों के फिर से चोक होने की स्थिति में सड़कों पर भारी जलभराव का संकट पैदा हो सकता है। स्थानीय निवासियों और जागरूक नागरिकों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी शायद इसी स्थिति का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि पहली ही वर्षा में गाद वापस नाले में चली जाती है, तो अधिकारियों और ठेकेदारों को दोबारा गाद निकालने के नाम पर एक और भ्रष्टाचार का रास्ता मिल जाएगा।

# कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन को तुरंत खत्म करने का आदेश, दिल्ली पुलिस ने फाउंडर अभिजीत को भेजा नोटिस

**● दिल्ली के जंतर-मंतर पर तय समय के बाद जारी रहे प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने सख्ती दिखाई है. कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके को नोटिस भेजकर प्रदर्शन तुरंत खत्म करने का आदेश दिया गया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है. 'कॉकरोच जनता पार्टी' के प्रदर्शन को तय समय के बाद जारी रखने पर दिल्ली पुलिस ने तुरंत इसे खत्म करने का आदेश दे दिया है. पुलिस ने पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके को नोटिस भेजकर साफ चेतावनी दी है कि अब यह प्रदर्शन गैरकानूनी हो चुका है और अगर तुरंत नहीं रोका गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**तय समय के बाद भी जारी रहा प्रदर्शन**

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक की ही अनुमति दी गई थी. लेकिन तय समय खत्म होने के बाद भी प्रदर्शन जारी रखा गया. इसे नियमों का सीधा उल्लंघन माना गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला**

पुलिस ने अपने नोटिस में कहा है कि तय समय के बाद प्रदर्शन करना सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों और पुलिस से ली गई परमिशन का उल्लंघन है. ऐसे में अब इस आंदोलन को जारी रखना अवैध माना जाएगा. दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से प्रदर्शन का समय बढ़ाने के लिए आवेदन दिया गया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया. पुलिस का साफ कहना है कि नियमों में किसी तरह की ढील नहीं दी जा सकती।

**तुरंत जंतर-मंतर खाली करने के आदेश**

पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रदर्शन तुरंत खत्म कर जंतर-मंतर खाली किया जाए. अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो आयोजकों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली से सिखों का एक और जत्था पाकिस्तान पहुंचा, कार्यक्रम में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली से 62 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान गया है। यह जत्था 29 जून को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 30 जून को भारत वापस लौटेगा। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) द्वारा पिछले दिनों गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान दिवस पर भी श्रद्धालुओं को पाकिस्तान भेजा गया था। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद श्रद्धालुओं को पाकिस्तान दूतावास से वीजा प्राप्त हुआ था। श्रद्धालु महाराजा रणजीत सिंह के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही पाकिस्तान में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन करेंगे। महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु लाहौर में हुई थी। उन्होंने बताया कि डीएसजीएमसी की ओर से हर वर्ष बैसाखी और विभिन्न गुरुपर्वों के अवसर पर श्रद्धालुओं के जत्थे पाकिस्तान भेजे जाते हैं। इस बार 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशानुसार गुरु अर्जन देव जी का बलिदान दिवस देश-विदेश की संगतों द्वारा एक ही तिथि पर मनाया गया, जिससे पंथ में बनी हुई असमंजस की स्थिति समाप्त हुई है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद में अरविंद केजरीवाल की एंट्री, शुक्रवार को अयोध्या दौरे का किया एलान



**नई दिल्ली।** अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने जाएंगे। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी से हर सनातनी बेहद दुखी है। शुक्रवार को मैं दर्शन के लिये श्री राम मंदिर जाऊंगा।' बता दें कि राम मंदिर में करोड़ों रुपये के चढ़ावे और दान की कथित चोरी के मामले में हाल ही में सियासत तेज हो गई है। केजरीवाल ने पहले भी इस मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया था कि इतनी बड़ी चोरी होने के बावजूद अब तक एक भी एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई। उन्होंने कहा था कि सरकार किसे बचा रही है?

### विधानसभा उतरी में 1.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 22 फुटा रोड का विधायक मदन लाल बग्गा ने किया उदघाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** लुधियाना विधानसभा उत्तरी में आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) से बनने वाली 22 फुटा रोड के निर्माण कार्य का उदघाटन का शुभारंभ विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा द्वारा किया गया। इस परौजाक्ट के निर्माण परक करीब 1.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर पार्षद पुष्पेन्द्र भनोट, पार्षद नरेन्द्र भारद्वाज, व गुरवीर गोलू बाजवा सहित स्थानीय निवासी तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक मदन लाल बग्गा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने विधायक कार्यकाल में हुए विकास कार्यो की जानकारी देते हुए कहा विधानसभा उतरी में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पंजाब सरकार और स्थानीय प्रशासन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली 22 फुटा रोड के निर्माण से हजारों लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू होगी। बग्गा ने बताया कि आरएमसी सड़कें अधिक टिकाऊ और मजबूत होती हैं, जिससे लोगों को लंबे समय तक बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। पंजाब सरकार की तरफ से मुफ्त इलाज के लिए प्रति परिवार 10 लाख की योजना की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होने कहा मावां धीयां योजना के तहत जल्दी हर एससी महिला के खाते में 1500 व जनरल वर्ग से संबधित महिलाओ के खाते में एक-एक हजार रुपये ट्रांस्फर होंगे।

# सब-इंस्पेक्टर को विजिलेंस ब्यूरो ने 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ-** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान के दौरान, पुलिस स्टेशन फिल्लौर, जिला जालंधर में तैनात सब-इंस्पेक्टर अमनदीप कौर को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आज यहां यह जानकारी देते हुए, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को मोहल्ला चौधरीयां, फिल्लौर पुलिस स्टेशन, जिला जालंधर के निवासी की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे को ड्रग्स के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और आरोपी SI ने उसे जमानत दिलाने और कम मात्रा में ड्रग्स के साथ मामला दर्ज करने और उसका मोबाइल फोन वापस करने में मदद करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। मजबूरी में, उसने पहले ही 1000 रुपये रिश्वत दे दी थी। शिकायत करने वाले ने रिश्वत की मांग के बारे में पूरी बातचीत रिकॉर्ड भी कर ली थी। गैर-कानूनी रिश्वत देने को तैयार न होने पर, शिकायत करने वाले ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज जालंधर से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, विजिलेंस ब्यूरो टीम ने आरोपी SI को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायत करने वाले से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके पास से दागी नोट बरामद किए गए। इस संबंध में, आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन जालंधर में भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच चल रही है।

# चलती बस में लगी आग करीब 71 यात्रियों की सूझबूझ से बची जान

**● लुधियाना से गोंडा जा रही बस बिजा के पास जली, यात्रियों का सामान राख; ड्राइवर, खलासी और ब्रोकर हिरासत में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना/खन्ना-** लुधियाना के ढोलवाल स्थित डिवीजन नंबर-6 क्षेत्र से उत्तर प्रदेश के गोंडा के लिए रवाना हुई एक निजी बस रविवार दोपहर एक बड़े हादसे का शिकार हो गई। करीब 60 यात्रियों को लेकर जा रही बस खन्ना के नजदीक बिजा क्षेत्र में पहुंचते ही अचानक आग की लपटों में घिर गई। गनीमत रही कि ड्राइवर द्वारा बस सड़क किनारे रोकने और यात्रियों को तत्काल बाहर निकालने के कारण एक बड़ा जान-माल का नुकसान टल गया। जानकारी के अनुसार, बस रविवार सुबह करीब 11:30 बजे लुधियाना से गोंडा के लिए रवाना हुई थी। 12 बजे हुआ हादसा बस में लगभग 60 यात्री, दो ड्राइवर, एक खलासी और यात्रियों को बस में बैठाने वाला कथित ब्रोकर अरमान भी सवार था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस बिजा के पास पहुंची ही थी कि अचानक उसके पिछले हिस्से से आग का बड़ा गुबार निकला और देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।

**इमरजेंसी खिड़कियों से बाहर निकाले गए यात्री**

आग लगने के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों की चीख-पुकार के बीच बस को सड़क किनारे रोका गया और मुख्य दरवाजे के साथ-साथ इमरजेंसी खिड़कियां खोलकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कुछ ही मिनटों में आग इतनी विकराल हो गई कि पूरी बस धू-धू कर जलने लगी।

**तीन दमकल गाड़ियों ने पाया आग पर काबू**

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। बस में रखे यात्रियों के कपड़े, नकदी, जरूरी दस्तावेज और अन्य सामान भी आग की भेंट चढ़ गए।

**सिलेंडर फटने जैसी तेज आवाज से दहशत**

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग लगने के कुछ समय बाद बस के अंदर से जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। लोगों ने आशंका जताई कि बस में रखा कोई गैस सिलेंडर फट गया था। आग बुझने के बाद जले हुए गैस चूल्हे, घरेलू बर्तन और अन्य सामान भी दिखाई दिए।



**ड्राइवर, खलासी और ब्रोकर मौके से भागे, पुलिस ने दबोचा**

सूत्रों के अनुसार, आग लगने के बाद बस का एक ड्राइवर, खलासी और यात्रियों को बस में बैठाने वाला ब्रोकर अरमान मौके से फरार हो गया था। हालांकि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों को खन्ना स्थित शनि मंदिर के पास से हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है।

**जांच के घेरे में बस की फिटनेस और सुरक्षा व्यवस्था**

हादसे के बाद बस की फिटनेस, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, यात्रियों की क्षमता से अधिक सामान ले जाने और सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी टीम की सहायता ली जा रही है।

## श्रीभूमि जिले के निविया निकट सोनापुर में एयरटेल नेटवर्क से परेशानी, दूरसंचार मंत्री के हस्तक्षेप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** डिजिटल इंडिया के तहत देश के दूरदराज क्षेत्रों तक बेहतर दूरसंचार सेवाएं पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। 5जी, 4जी, 3जी और 2जी नेटवर्क के विस्तार के माध्यम से डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हालांकि, जिले के निविया निकट स्थित सोनापुर गांव में इसकी विपरीत तस्वीर देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सोनापुर क्षेत्र में लंबे समय से एयरटेल का नेटवर्क अत्यंत कमजोर बना हुआ है। इसके कारण उपभोक्ताओं को नियमित रूप से फोन कॉल करने, कॉल प्राप्त करने और इंटरनेट उपयोग में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में यह समस्या लाई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्तमान समय में बैंकिंग सेवाएं, कैशलेस लेनदेन, सरकारी दस्तावेजों का सत्यापन तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मोबाइल नेटवर्क अनिवार्य हो गया है। लेकिन कमजोर नेटवर्क के कारण उन्हें इन सेवाओं का उपयोग करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि नेटवर्क समस्या के कारण कई बार आपातकालीन फोन कॉल भी पूरी नहीं हो पाती हैं। इसके अलावा ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल भुगतान और विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। लंबे समय से समस्या का स्थायी समाधान न होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस स्थिति को




देखते हुए सोनापुर के निवासियों ने मामले की शीघ्र जांच कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने केंद्रीय दूरसंचार मंत्री, जिला उपायुक्त (डीसी) तथा संबंधित अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही प्रभावी कदम उठाकर सोनापुर क्षेत्र में बेहतर और निर्बाध दूरसंचार सेवाएं सुनिश्चित होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का ओजयान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** इसमें विधायक राजिंदरपाल कौर छीना, कुलवंत सिंह सिद्धू, दलजीत सिंह ग्रेवाल, चौधरी मदनलाल बग्गा, मेयर इंद्रजीत कौर, पार्षद अमन बग्गा व डॉ.अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान हसंराज ने विशेष रूप से शिरकत की। इस समारोह में जिला प्रशासन के सहयोग के वन विभाग, खेल विभाग, सीएम दी योगशाला व विभिन्न योग संस्थानों के 380 से अधिक योग साधकों व लोगों ने भाग लिया। विधायक ग्रेवाल ने सेहत को सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढी को नशों से दूर रखने के लिए योगा की अहम भूमिका बताई। विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने कहा कि योगाभ्यास से ओवरऑल हेल्थ में सुधार होता है। मेयर इंद्रजीत कौर ने कहा कि योग के माध्मय से तनाव व डिप्रेशन को भी दूर किया जा सकता है। इस मौके ड्रग्स मैन्यूफेक्चरिंग एसोसिएशन ने विधायक का सम्मान किया। इस मौके विधायक ने विभाग की डॉ.रुपिंदर कौर को सम्मानित किया, जो दुनिया की सबसे ऊंची एवरेस्ट चोटी के बस कैंप में पहुंचने वाली पहली भारतीय व्हील चेयर पोलियो सवाइवर हैं।

इस मौके नोडल अफसर डॉ.रजनी बाला, डॉ.हेमंत कुमार, डॉ.नवदीप, डॉ.नीरू कलसी ने झंडू, एमिल,नागार्जुन, देशावरी आदि व आयुव्रेदिक ड्रग मैन्यूफेक्चर एसोसिएशन लुधियाना, वन विभाग, जिला खेल विभाग व वेरका के अधिकारियों का आभार जताया। समारोह में मंच संचालन डॉ.शिवाली अरोड़ा व डॉ.राजन कौशल ने किया।

### दिल्ली के शेख सराय फेज-2 में अवैध निर्माण के दौरान भरभराकर गिरी दीवार, मची अफरा-तफरी



**दक्षिणी दिल्ली।** दिल्ली के शेख सराय फेज-2 में अवैध निर्माण के दौरान हादसे की खबर है। मालवीय नगर थाना क्षेत्र के शेख सराय फेज-दो स्थित पाकेट-के में मकान नंबर -101 में अवैध तरीके से मकान बनाते समय अचानक दीवार भरभराकर गिरी। हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रारंभिक रूप से प्राप्त जानकारी के माध्यम से हम इस समाचार को निरंतर अपडेट कर रहे हैं। ताजा ब्रेकिंग न्यूज़ और अपडेट्स के लिए जुड़े रहिए जागरण के साथ।

# फर्जी फर्मों के करंट अकाउंट से ठगी का बड़ा खेल; दिल्ली में अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का भंड़ाफोड़, 4 गिरफ्तार

**● मध्य जिला पुलिस ने पहाड़गंज में एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह फर्जी बैंक खातों और पीओएस मशीनों के जरिए देशभर में साइबर अपराधियों को वित्तीय ढांचा मुहैया कराता था।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** साइबर अपराधियों को फर्जी बैंक खाते और पीओएस मशीनें आपूर्ति करने वाले एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ की मध्य जिला के साइबर सेल थाना पुलिस ने पहाड़गंज के एक होटल में छापेमारी कर गिरोह के चार गुर्गे को गिरफ्तार किया है। यह सिंडिकेट देशभर में साइबर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों को बैंकिंग और अन्य वित्तीय बुनियादी ढांचा मुहैया करा रहा था। पुलिस ने इनके पास से एक्टिव पीओएस टर्मिनल, डेबिट कार्ड, साइन किए हुए ब्लैंक चेक बुक और कई डिजिटल दस्तावेज बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि जब्त किए गए खाते कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में हुए साइबर धोखाधड़ी से जुड़े हैं। डीसीपी, मध्य जिला, रोहित राजबीर सिंह का कहना है कि गिरफ्तार किए गए आरोपित पहाड़गंज के होटल से सिंडिकेट चला रहा था। एसीपी साइबर सेल और इंस्पेक्टर की टीम को सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने पहाड़गंज के 'कृष्णा होटल' में छापेमारी कर वहां ये चारों को दबोच लिया। वहां पर आरोपित साइबर अपराधियों को बेचने के लिए बैंकिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहे थे, तभी चारों को दबोच लिया गया।

**इन साइबर जालसाजों को पुलिस ने पकड़ा**

गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम संजय, कुलदीप गोले, निर्दोष बिदलान व दीपक बिश्नोई है। संजय, आनंद पर्वत का रहने वाला है। यह स्थानीय कोऑर्डिनेटर था, जो बाहरी राज्यों के सप्लायर्स से संपर्क बनाए रखता था। कुलदीप गोले, पटेल नगर का रहने वाला है। यह खातों की लेयरिंग (पैसा घुमाने) और इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट का काम देखता था। निर्दोष बिदलान, गोहाना, सोनीपत का रहने वाला है। यह फर्जी फर्में बनाने और बैंकिंग किट का इंतजाम करने वाला अंतरराज्यीय सप्लायर है। दीपक बिश्नोई, हनुमानगढ़ (राजस्थान) का रहने वाला है। यह श्रीगंगानगर में पढ़ाई करने के साथ-साथ एक्टिव म्यूल-अकाउंट (किराए के खातों) की किट अरेंज करता था।

**फर्जी फर्म बनाकर खुलवाते थे करंट अकाउंट**

पूछताछ में से पता चला कि यह सिंडिकेट बेहद व्यवस्थित तरीके से काम कर रहा था। बाहरी राज्यों के आरोपित फर्जी रेंट एग्रीमेंट के जरिये 'एसजी एंटरप्राइजेस', 'जीएम एंटरप्राइजेस' और 'एचएम ट्रेडर्स' जैसी फर्जी पार्टनरशिप फर्में बनाते थे और उनके नाम पर कमर्शियल करंट अकाउंट खुलवाते थे। इन खातों की बैंकिंग किट, चेक बुक और दस्तावेज दिल्ली लाए जाते थे। ठगी की रकम को इन फर्जी खातों में डाला जाता था। इसके बाद पीओएस मशीन और मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके उस अवैध पैसे को वैध बिजनेस ट्रांजेक्शन (वैध कमाई) की तरह दिखाया जाता था। खाता धारकों को करीब आठ प्रतिशत कमीशन दिया जाता था, जबकि एजेंट आपस में दो से चार प्रतिशत का अतिरिक्त कमीशन बांटते थे।

**मनी ट्रेल खंगाल रही है दिल्ली पुलिस**

पुलिस ने इनके कब्जे से एक एक्टिव इंडसइंड बैंक पीओएस टर्मिनल, एक मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड स्कैनर, पांच कमर्शियल करंट अकाउंट की चेक बुक और पासबुक, छह एक्टिव एटीएम व डेबिट कार्ड, तीन असली पार्टनरशिप डीड और कॉरपोरेट दस्तावेज, कॉरपोरेट रबर स्टैम्प, पैन कार्ड और कमर्शियल रेंट एग्रीमेंट, चार मोबाइल फोन (बैंकिंग रिकार्ड और डिजिटल चैट से भरे हुए) बरामद किए गए




हैं। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इन आरोपितों के तार राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल से जुड़े हुए हैं। तकनीकी जांच में सामने आया कि जब्त किए गए खाते पहले से देश के कई साइबर धोखाधड़ी से जुड़े हुए हैं। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का एक खाता एनसीआरपी की शिकायत से लिंक्ड मिला है। इंडसइंड बैंक का खाता कर्नाटक और महाराष्ट्र के साइबर ठगी से जुड़ा पाया गया है। एक्सिस बैंक में 'लक्ष्मण एंटरप्राइजेस' के नाम पर खुला खाता पांच साइबर शिकायतों में दर्ज है। एचडीएफसी बैंक का एक खाता भी पांच अलग-अलग साइबर ठगी की शिकायतों में फ्लैग (चिह्नित) पाया गया। अदालत ने चारों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के मनी ट्रेल (पैसे के लेन-देन के रास्ते) को खंगाल रही है ताकि पता लगाया जा सके कि इस सिंडिकेट से और कौन-से लोग जुड़े हैं और इन्होंने कितने करोड़ का ठगी की है।

## दिल्ली में फिर मंडराया बाढ़ का खतराः यमुना किनारे 50 करोड़ रुपये की दीवार का काम लटका

**● दिल्ली में यमुना के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ के खतरे को रोकने के लिए प्रस्तावित बाढ़रोधी दीवार का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। मानसून के बाद निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** मानसून के दिनों में यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी पहुंचने का खतरा रहता है। वर्ष 2023 में बाढ़ का पानी आवासीय क्षेत्रों में भरने से कई दिनों तक जनजीवन अस्तव्यस्त रहा था। पिछले वर्ष भी मजनू का टीला व बेला रोड क्षेत्र में पानी भर गया था। इसके समाधान के लिए मजनू का टीला से लेकर कश्मीरी गेट के नजदीक लोहा पुल तक रिंग रोड के किनारे बाढ़रोधी दीवार बनाया जाना है, लेकिन अभी तक इसका काम शुरू नहीं हो सका है। मानसून बाद निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। यानी इस वर्ष भी आवासीय क्षेत्रों में पानी भरने का खतरा बना रहेगा। दीवार की ऊंचाई लगभग 4.72 किलोमीटर होगी। इसमें से लगभग 850 मीटर अधिक संवेदनशील क्षेत्र में कंक्रीट की दीवार बनेगी। शेष हिस्से में ईंट या पत्थर की होगी। इसकी ऊंचाई लगभग छह फीट होगी। इसके निर्माण पर लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। अधिकारियों का कहना है कि दीवार बनने से यमुना का पानी रिंग रोड व इसके पास के आवासीय क्षेत्र व बाजार में नहीं पहुंचेगा।

**अभी तक आवंटित नहीं हुआ काम**

मार्च में इसके निर्माण के लिए निविदा भी जारी कर दी गई थी। लेकिन, अभी तक किसी को काम आवंटित नहीं किया गया। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा का कहना



है कि पहले इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) माडल पर होना था निर्माण। इसमें निर्माण करने वाली एजेंसी भी डिजाइन बनाती है। ठेकेदारों द्वारा दिए गए डिजाइन में खामी थी। इस कारण सरकार ने आइआइटी दिल्ली को डिजाइन बनाने का काम दिया है। 10-15 दिनों में डिजाइन फाइनल होने की उम्मीद है। मानसून के बाद हो निर्माण कार्य शुरू होगा। बाढ़ का पानी आवासीय क्षेत्रों में नहीं पहुंचे इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।